मो० नं० : 09473942844.
pmypcuagra@gmail.com

# कार्यालय परियोजना प्रबन्धक,

## यमुना प्रदूषण नियन्त्रण इकाई, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)

वाटर वर्क्स चौराहा, जीवनी मण्डी रोड, आगरा – 282 004

पत्रांक ......185........ / नमामि गंगे आगरा / 81 दिनांक 22/03/2023

सेवा में,

प्रभागीय निदेशक,
सामाजिक वानिकी प्रभाग
आगरा।

**विषयः–** **जनपद आगरा में नमामि गंगे योजना के अन्तर्गत आगरा सीवरेज योजना में प्रस्तावित डी.एस.टी.पी. के निर्माण हेतु कुल 0.9024 हे. आरक्षित वनभूमि के गैरवानिकी प्रयोग की बिना वृक्ष पातन के गैरवानिकी कार्य हेतु अनुमति के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक आपके पत्रांक 4291/14–1 आगरा, दिनांक 28.02.2023 एवं उ0प्र0 शासन, लखनऊ के पत्रांक पी–53/81–2–2023–800(30)/2023, दिनांक 21.02.2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। नमामि गंगे कार्यक्रम के अन्तर्गत आगरा सीवरेज योजना (आई0 एण्ड डी एण्ड एसटीपी वर्क्स) के अन्तर्गत प्रस्तावित 07 नग DSTP निर्माण हेतु 0.9024 हे0 आरक्षित वनभूमि का NOC प्राप्त करने हेतु ऑनलाइन आवेदन संख्या FP/UP/Others/49462/2020 पर लगाई गई आपत्तियों के निराकरण आख्या निम्नानुसार हैः–

| क्र.सं. | आपत्तियाँ | आख्या |
|---|---|---|
| 1 | प्रस्ताव के पृष्ठ–11 पर प्रभागीय निदेशक की संस्तुति तिथि अंकित नहीं है? | बिन्दु संख्या 01 पर लागाई गयी आपत्ति का निराकरण आपके द्वारा किया जाना है। |
| 2 | परियोजना में ताज वन ब्लाक की 0.9024 हे0 आरक्षित वनभूमि के गैरवानिकी प्रयोग के बदले समतुल्य गैर वनभूमि लिया जायेगा अथवा नहीं? स्पष्ट किया जाये। | बिन्दु संख्या 02 पर लागाई गयी आपत्ति का निराकरण आपके द्वारा किया जाना है। |
| 3 | प्रस्तावित आरक्षित वनभूमि की जिलाधिकारी द्वारा मूल्यांकन रिपोर्ट संलग्न नहीं है। | मूल्यांकन रिपोर्ट संलग्न है। |
| 4 | प्रस्तावित स्थल ताज वन ब्लाक के अन्तर्गत है ताजमहल जो एक एतिहासिक मकबरा है में प्रस्ताःवित स्थल की दूरी | प्रस्तावित 07 नग DSTP में से केवल जालमा DSTP (0.30 MLD) ताज वन ब्लाक के अन्तर्गत है। प्रस्तावित जालमा DSTP की ताजमहल से सड़क से दूरी 2 किमी0 एवं एरियल दूरी 01 किमी0 है। अन्य 06 नग DSTP ताज वन ब्लाक के अन्तर्गत नहीं है। |

अतः आपसे अनुरोध है कि डी.एस.टी.पी. के निर्माण हेतु कुल 0.9024 हे. आरक्षित वनभूमि के गैरवानिकी प्रयोग की बिना वृक्ष पातन के गैरवानिकी कार्य की अनुमति कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें, जिससे मा0 एन.जी.टी. से आच्छादित एवं भारत रारकार की अतिमहत्वपूर्ण नमामि गंगे योजना को ससमय पूर्ण किया जा सके।

**संलग्नकः–उपरोक्तानुसार।**

भवदीय

(रविन्द्र प्रताप सिंह)
परियोजना प्रबंधक

परियोजना प्रबन्धक
यमुना प्रदूषण नियंत्रण इकाई
उ०प्र० जल निगम, आगरा

**पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।**

प्रतिलिपि अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), आगरा को सूचनार्थ प्रेषित।

परियोजना प्रबंधक



D:\Letters\Daily Letter 2023

प्रेषक,

उपनिबन्धक प्रथम,
सदर आगरा

सेवा में,

कार्यालय परियोजना प्रबन्धक,
यमुना प्रदूषण नियन्त्रण इकाई,
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)
आगरा।

पत्र सं0 92 /का.उ.नि.प्रथम/2023 दिनांक 21-3-2023

**विषयः–नमामि गंगे कार्यकमान्तर्गत आगरा सीवरेज योजना(आई0 एण्ड डी0 एण्ड एस0टी0पी0 वर्क्स) के अन्तर्गत प्रस्तावित 07 नग DSTP के निर्माण हेतु वन विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये 0.9024है0 आरक्षित भूमि का मूल्यांकन कराने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अपने कार्यालय के पत्र सं0 157/नमामि गंगे आगरा/61 दिनांक 14.03.2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें नमामि गंगे कार्यकमान्तर्गत आगरा सीवरेज योजना (आई0 एण्ड डी0 एण्ड एस0टी0पी0 वर्क्स) के अन्तर्गत प्रस्तावित 07 नग DSTP में से 6 नग DSTP के लिए प्रस्तावित भूमि कुल रकबा 0.9024 है0 के मूल्यांकन की सूचना चाही गयी है, जो निम्नवत है–

| कम सं0 | प्रस्तावित डीएसटीपी का नाम | खसरा सं0 | रकबा | निर्धारित दर(वर्गमी0) | मूल्यांकन | मालियत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ट्रांसपोर्ट नगर(मउ) | 974,975 | 0.2750है0 यानि 2750 वर्गमी0 | 13,500रू0 | 2750 X 13,500 | 3,71,25,000/रू0 |
| 2. | अरतोनी | 339 | 0.0507है0 यानि 507 वर्गमी0 | 10,000रू0 | 507 X 10,000 | 50,70,000/रू0 |
| 3. | बांईपुर (कैलाश मंदिर के समीप) | 1068 | 0.050है0 यानि 500 वर्गमी0 | 10,000रू0 | 500 X 10,000 | 50,00,000/रू0 |
| 4. | बांईपुर | 723मि0 | 0.2250है0 यानि 2250 वर्गमी0 | 4300रू0 | 2250 X 4300 | 96,75,000/रू0 |
| 5. | मऊ | 883,894 | 0.1057है0 यानि 1057 वर्गमी0 | 13,500रू0 | 1057 X 13,500 | 1,42,70,000/रू0 |

परियोजना प्रबन्धक
यमुना प्रदूषण नियंत्रण इकाई
उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), आगरा

उपनिबन्धक प्रथम
सदर, आगरा

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6. | के0के नगर (सिकन्दरा) | 1/1 | 0.1440है0 यानि 1440 वर्गमी0 | 13,000रू0 | 1440 X 13,000 | 1,87,20,000/रू0 |

सूचना प्रेषित है।

भवदीया

(नीतू गोला)
उप निबन्धक प्रथम,
सदर आगरा

उपनिबन्धक प्रथम
सदर, आगरा

प्रतिलिपिः—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. जिलाधिकारी महोदय, आगरा।
2. अपर जिलाधिकारी(वि0/रा0) आगरा।

उप निबन्धक प्रथम,
सदर आगरा

परियोजना प्रबन्धक
यमुना प्रदूषण नियंत्रण इकाई
उ0 प्र0 जल निगम (ग्रा0नि0), आगरा

प्रेषक,

उप निबन्धक तृतीय,
सदर तहसील आगरा।

सेवा में,

कार्यालय परियोजना प्रबन्धक,
यमुना प्रदूषण नियन्त्रण इकाई, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
वाटर वर्क्स चौराहा, जीवन मण्डी रोड, आगरा

पत्रांक 68 /स0र0तृतीय/2023 दिनांकः 15/03/23

**विषयः—नमामि गंगे कार्यक्रमान्तर्गत आगरा सीवरेज योजना (आई0 एण्ड डी0 एण्ड एस0टी0पी0 वर्क्स) के अन्तर्गत प्रस्तावित 07 नग DSTP के निर्माण हेतु वन विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये 0.9024 हे0 आरक्षित भूमि का मूल्यांकन कराने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया, उपर्युक्त विषयक अपने कार्यालय के पत्र संख्या 159/नमामि गंगे आगरा/62 दिनांक 15.03.2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसमें नमामि गंगे कार्यक्रमान्तर्गत आगरा सीवरेज योजना (आई0 एण्ड डी0 एण्ड एस0टी0पी0 वर्क्स) के अन्तर्गत प्रस्तावित 07 नग DSTP मे से 01 नग जालमा डीएसटीपी के लिए प्रस्तावित भूमि मौजा का नामः— बसई मु0 चुन्गी अन्दर खसरा/गाटा संख्याः— 34/4 कुल क्षेत्रफलः— 0.0520 हे0 किसी भी प्रकार का रास्ता नही है का जिलाधिकारी सर्किल दर के अनुसार मूल्यांकन आख्या चाही गयी है।

उक्त के कम में अवगत कराना है कि मौजा बसई मु0 चन्गी अन्दर का जिलाधिकारी महोदय की सर्किल दर सूची में मौजा बसई मु0 चुन्गी अन्दर का कृषि भूमि का रेट अंकित नही है। अतः अकृषक रेट के अनुसार न्यूनतम मूल्यांकन दर 9 मीटर रास्ता तक— 7,800/—रू0 प्रति वर्गमीटर होगा।। जिसका मूल्यांकन निम्नवत् है—

0.0520 हे0 यानि 520 वर्गमीटर।

सर्किल दर 7,800 रू0 प्रति वर्गमीटर।

अतः मूल्यांकन क्षेत्रफल 520 × 7,800 सर्किल दर = 40,56,000 रू0 है ।

सूचना आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

भवदीय

उप निबन्धक,तृतीय,
तहसील सदर,आगरा।

परियोजना प्रबन्धक
यमुना प्रदूषण नियंत्रण इकाई
उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), आगरा

सब रजिस्ट्रार
आगरा

**प्रतिलिपिः—** सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. जिलाधिकारी महोदय, आगरा।
2. अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आगरा।
3. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) आगरा।
4. सहायक महानिरीक्षक निबन्धन आगरा।

उप निबन्धक,तृतीय,
तहसील सदर,आगरा।

pmypcungrn@gmail.com
मो० नं० : 09473942644,

# कार्यालय परियोजना प्रबन्धक,

## यमुना प्रदूषण नियन्त्रण इकाई, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण)

सदर नगरी चौराहा, जीवनी मण्डी रोड, आगरा – 282 004

पत्रांक ........157......... / यमुना प्र० नि० इ० आगरा / 61     दिनांक 14.3.2023

सेवा में,

| | |
|---|---|
| उप निबन्धक (तृतीय), | उप निबन्धक (प्रथम), |
| तहसील–सदर, | तहसील–सदर, |
| आगरा। | आगरा। |

विषयः– नमामि गंगे कार्यक्रमान्तर्गत आगरा सीवरेज योजना (आई० एण्ड डी० एण्ड एस०टी०पी० वर्क्स) के अन्तर्गत प्रस्तावित 07 नग DSTP के निर्माण हेतु वन विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये 0.9024 है० आरक्षित भूमि का मूल्यांकन कराने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक नमामि गंगे कार्यक्रमान्तर्गत आगरा सीवरेज योजना (आई० एण्ड डी० एण्ड एस०टी०पी० वर्क्स) के अन्तर्गत प्रस्तावित 07 नग DSTP के निर्माण हेतु 0.9024 है० आरक्षित वनभूमि वन विभाग द्वारा उपलब्ध कराने हेतु NOC प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन आवेदन सं० FP/UP/Others/49462/2020 पोर्टल पर अपलोड किया गया था। उक्त आवेदन पर सचिव महोदय, उ०प्र० शासन, लखनऊ के पत्र संख्या– पी–53/ 81–2–2023–800 (30)/2023, दिनांक 21.02.2023 (छायाप्रति संलग्न) द्वारा कुछ आपत्तियां लगाई गई है। जिस पर बिन्दु सं० 3 के अनुसार प्रस्तावित आरक्षित वन भूमि 0.9024 है० की जिलाधिकारी महोदय की मूल्यांकन रिपोर्ट चाही गयी है। प्रस्तावित डीएसटीपी का विवरण निम्नानुसार हैः–

2880/E
ADM(F/R)

| क्र.सं. | प्रस्तावित डीएसटीपी का नाम | वन विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये आरक्षित वन भूमि का खसरा/गाटा सं. | मूल्यांकन हेतु कुल क्षेत्रफल है० |
|---|---|---|---|
| 1 | 3.00 एमएलडी क्षमता–ट्रान्सपोर्ट नगर (27.221780, 77.983335) | 974,975 | 0.2750 |
| 2 | 0.35 एमएलडी क्षमता – ग्राम अरतौनी (27.226435, 77.912055) | 339 | 0.0507 |
| 3 | 0.02 एमएलडी क्षमता–कैलाश मन्दिर के समीप (27.225934, 77.937314) | 1068 | 0.050 |
| 4 | 2.35 एमएलडी क्षमता–ग्राम बाईपुर (27.235961, 77.948791) | 723 मि० | 0.2250 |
| 5 | 1.60 एमएलडी क्षमता–के०के० नगर (27.223815, 77.959103) | 1/1 | 0.1440 |
| 6 | 0.30 एमएलडी क्षमता–जालमा इन्स्टीट्यूट के समीप (27.171077, 78.054213) | 34/4 | 0.0520 |
| 7 | 1.13 एमएलडी क्षमता–मऊ (27.221930, 77.988701) | 883–894 | 0.1057 |
| | कुल योग | | 0.9024 |

जिलाधिकारी
आगरा
14/3/23

अतः आपसे अनुरोध है कि उपरोक्त डीएसटीपी हेतु वन विभाग द्वारा उपलब्ध कराये जाने वाली आरक्षित वनभूमि 0.9024 है० का मूल्यांकन कराने का कष्ट करें, जिससे आपत्तियों का निराकरण कर अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु आवश्यक अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सके जिससे मा० एन०जी०टी० से आच्छादित एवं भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना के निर्माण कार्य ससमय पूर्ण किये जा सके।

4952

भवदीय

(रविन्द्र प्रताप सिंह)
परियोजना प्रबंधक

पृ.सं. एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. जिलाधिकारी महोदय, आगरा।
2. अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०), आगरा।
3. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), आगरा।
4. सहायक महानिरीक्षक (स्टाम्प), तहसील–सदर, आगरा।

परियोजना प्रबंधक

D:\Letters\Daily Letter 2023

परियोजना प्रबन्धक
यमुना प्रदूषण नियन्त्रण इकाई
उ० प्र० जल निगम (ग्रामीण), आगरा